# रिश्वत लेते धराया धनौरा सरपंच

**एक लाख मांगे, 20 हजार ले रहा था रिश्वत**

**सिवनी नवभारत। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख ने भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये थे। इस पर आज जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने ट्रेप कर कार्यवाही की। सिवनी जिले के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य जनपद पंचायत धनौरा मुख्यालय की ग्राम पंचायत धनौरा सरपंच दिनेश कौरेती 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगों हाथ पकड़ा गया।**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी धनौरा निवासी गोलू बंजारा उर्फ राधेश्याम बंजारा के द्वारा बीआरसी कार्यालय के पास एक शासकीय जमीन जो कि सुमरन यादव नामक व्यक्ति से खरीदा था जहाँ पर राधेश्याम उर्फ गोलू बंजारा द्वारा मकान निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सरपंच दिनेश कौरेती ने आपत्ति जताई एंव अवैध निर्माण कार्य को बंद करने को कहा गया था। यदि मकान बनाना है तो मुझे एक लाख रुपये देने होंगे जिसको लेकर गोलू बंजारा नामक व्यक्ति से सरपंच दिनेश कौरेती के द्वारा लगभग एक लाख रुपये की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत आवेदक राधेश्याम बंजारा द्वारा लोकायुक्त पुलिस को की गई। जिसे सत्यापन उपरांत आज दिनांक 31 अक्टूबर 25 को जिसके बाद मांग की प्रथम क़िस्त 20 हजार की राशि आरोपी



सरपंच दिनेश कौरेती अपने ही घर मे लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा गया।


लोकायुक्त पुलिस ने सरपंच श्री कौरेती को पकड़ कर अग्रिम कार्यवाही हेतु धूमा रेस्टहाउस ले गई और आरोपी सरपंच के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988( संसोधन)2018 की धारा-7,13(1)B,13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। ट्रेप दल सदस्य दल प्रभारी निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक शशि कला, निरीक्षक जितेंद्र यादव निरीक्षक एंव लोकायुक्त जबलपुर का दल शामिल रहा।

## पुलिस ने पकड़े 12 जुआरी

**सिवनी।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम नरेला में जुए के फड़ पर दबिश देकर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से सात बाईक, व 15,880 रुपये नकद जब्त किए। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नरेला में कुछ लोग रुपये पैसों का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी और सभी को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में भोपालसिंह बघेल (नगझर), हीरा यादव, विक्रम यादव, शुभम साहू, जयपाल कुशवाहा, अभिषेक बर्मन, रामपाल बर्मन, विनय उइके, नरेन्द्र बघेल, अनिल बर्मन, देवदास बर्मन (सभी नरेला निवासी) और नारायण रजक (रूपचंद नगर भैरोगंज) शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# ऑल इंडिया इनामी दंगल 2 को मलारा में

**सिवनी नवभारत। विगत वर्षो की अपार सफलता के बाद इस वर्ष भी भारत की गौरवशाली परपरा दंगल को प्रोत्साहन देने के लिए ऑल इंडिया इनामी दंगल का आयोजन 02 नवंबर रविवार को ग्राम मलारा ( तह. बरघाट, जिला. सिवनी ) में ग्रीन सिटी एसोसिऐशन एवं जिला कुश्ती संघ के तत्वाधान में रखा गया है। आयोजन अल्ताफुर्रहमान ने इस दंगल में सभी से उपस्थिति की अपील की है।**



दंगल के मुख्य अतिथि दिनेश राय मुनमुन, अध्यक्षता अनुराग चतुरमोहता (जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष बालाघाट), विशेष अतिथि दुपेन्द्र लक्की अमुले (जिला पंचायत सदाय), विशेष अतिथि साजिद पटेल, विशेष प्रतिधि राहुल उईके (जनपद पंचायत सदस्य) अली दीवान साहब, जितेन्द्र रहांगडाले, इरफान पटेल, विशेष अतिथि आशीष नगपुरे (जिला कुश्ती संघ कोषाध्यक्ष सिवनी) होंगे। दंगल का पहला इनाम 51,000/-एवं कप, दुसरा इनाम 31,000/- व तीसरा पुरूस्कार 21,000/ रखा गया है। इसके अलावा सभी पहलवानों को इनामी राशि वितरित की जाएगी।

इस दंगल की खासियत यह है कि यहां बाहर से आये हुए दंगल जनसमुदाय को अपने दांव-पेंच दिखाते हैं। हर छोटे-बड़े पहलवानों को अपना हुनर दिखाने का मौका दिया जाता है। बता दें कि हर बार की तरह इस बार भी दंगल में रोमांच देखने को मिलेगा। इस दंगल को देखने दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं और दंगल का लुत्फ उठाते हैं।

# रन फार यूनिटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन रन फार यूनिटी कार्यक्रम मे शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर जिला प्रशासन द्वारा नगर के फुटबॉल स्टेडियम मे मैदान पर आयोजित रन फार यूनिटी कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन शामिल हुए। और हरि झंडी दिखाकर रन फार यूनिटी को प्रारंभ किया। इस दौरान सर्वप्रथम आपने लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कोटि-कोटि नमन कर शपथ दिलायी।



# हवन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है

**सिवनी नवभारत।** नगर के कबीर वार्ड डूंडासिवनी केंद्रीय विद्यालय के समीप साईं नगर दिलबाग नगर में क्षेत्र की समस्त महिला मंडल द्वारा पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को हवन और भंडारे के साथ विधिवत समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हवन में आहुति डालकर पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर कथा व्यास पं. दिनेश मिश्रा के बड़े भाई रमेश मिश्रा ने महिलाओं द्वारा कराए गए श्रीमद्भागवत कथा पर सभी का आभार व्यक्त किया। दिलीप दुबे, कुलदीप दुबे सहित अन्य कॉलोनी के निवासियों का भी आभार माना।

कथा व्यास पं. दिनेश मिश्रा ने बताया कि हवन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं।

उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में



बदल जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं।

आपने कहा कि मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। कथा समापन पर विधिविधान से पूजा करवाई। दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। शहर से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया।

## एक नजर में

### नवागत बंडोल थाना प्रभारी ने क्षेत्र में किया भ्रमण



बंडोल/सिवनी। 30 अक्टूबर को नवागत बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला का थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलारबांकी में आगमन हुआ जिस पर ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी महोदय का आत्मीय स्वागत किया गया इसके पश्चात थाना प्रभारी महोदय द्वारा साइबर ठगी का शिकार हो रहे है लोगो को साइबर ठगी से कैसे बचा जाए इसकी जानकारी से अवगत कराया गया यदि कोई भी साइबर ठगी का शिकार हो रहे है तो तत्काल अपने मोबाइल से 1930 डायल कर जानकारी देना चाहिए एवं अपने मोबाईल पर बेवजह अनावश्यक लिंक नहीं खोलना चाहिए। व ग्रामीणों ने क्षेत्र की अन्य विषय पर नवागत बंडोल थाना प्रभारी से चर्चा कर अवगत कराया।

### समनापुर के छात्र लव एथलेटिक्स में पहुंचे



सिवनी। शासकीय हाई स्कूल समनापूर मे बच्चो को खेल कुद प्रतियोगिता में संभाग स्तर से नेशनल स्तर पर कक्षा 9 वी का छात्र लव टेमरे एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नेशनल स्तर पर पहुँच गया है। इसमें प्राचार्य श्रीमती सुनीता ओसवाल श्रीमती ललिता कुर्वेति मा. शि. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल. श्री भिकम सिंह कुर्वेति श्री उमा पटले, श्रीमती नीलू सोलंकी मा.शि श्री सुरेंद्र हनवत एवम आनंद सेन सर का विशेष सहयोग पाकर बालक लव टेमरे की मेहनत लगन का फल है जो इसे नेशनल लेवल पर खेलेंगे।

### समारोहपूर्वक मनाया जाएगा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

सिवनी। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार 01 नवंबर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड सिवनी में समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। प्रात- 09 बजे कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, उत्कृष्ट कार्यों एवं जिला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सभी शासकीय भवनों में शनिवार की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

# घर परिवार जो बिखर रहे हैं वह धर्म के द्वारा बच सकते हैं : मुनिश्री

**सिवनी नवभारत।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मन्दिर सिवनी मध्य प्रदेश में विराजमान महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज मुनि श्री भाव सागर जी महाराज से समाधिस्थपरम पूज्य पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज से दीक्षित मुनि श्री प्रशम सागर जी महाराज, मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज, मुनि श्री प्रणत सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री विप्रज्ञ सागर जी महाराज का 30अक्टूबर 2025 को आगमन हुआ जगह-जगह पाद प्रक्षालन किया गया ,आरती उतारी गई, मुनि संघ ने मंदिर के दर्शन किए ,धर्म सभा का आयोजन किया गया



जिसमें चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, शास्त्र अर्पण किए गए, पाद प्रक्षालन किया गया, अनेक नगरों से पद बिहार में चल रहे लोगों का स्वागत किया गया, छिंदवाड़ा नागपुर, महाराष्ट्र के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए,इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने कहा कि आपने सभी मुनिराजो के मुखारविंद से सुना मुझे भी बहुत अच्छा लगा,

मुनिश्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि मुनिराजो से मिलन हुआ बहुत अच्छा लगा, नंदीश्वर महापर्व में विधान चल रहा है अनेक प्रकार से स्तुति करना चाहिए, पर्व में धार्मिक क्रिया करने से करोड़ गुना पुण्य का अर्जन होता है, पर्व मनाने का परिणाम आत्म शुद्धि के रूप में सामने आना चाहिए, पर्व से अंतरंग वहिरंग दोनों शुद्धियां होती हैं,आत्मा और मन को पवित्र बनाना पर्व का उद्देश्य होता है, पर्व हमें एक अनमोल अनुपम सीख देते हैं, पर्व राष्ट्र धर्म के अंग होते हैं, पर्व राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शक बनते हैं,

मुनि श्री प्रशम सागर जी महाराज ने कहा कि यहां वात्सल्य मिलन हुआ निग्रंथो का मिलन हुआ, बहुत अच्छा लगा। मुनि श्री सुप्रभव सागर जी महाराज ने कहाकि संसार में दु:ख ही दु:ख है, करोड़ो के महल में रहने वाला भी सुखी नहीं रह पाता, मोटी चैन पहनने वाला भी चैन से नहीं सो पाता है, जिंदगी में कभी भी मांग पूरी नहीं हो पाती है, वेशकीमती मनुष्य पर्याय मिली है ,आगे मिले जरूरी नहीं है, जीवन का कैलकुलेशन जरूर करें, घर परिवार जो बिखर रहे हैं वह बच सकते हैं धर्म के द्वारा।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दिशा जायसवाल का हुआ चयन




**बरघाट नवभारत।** 69 वीं राज्य शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग 66 किलो भार वर्ग में दिशा जायसवाल ग्राम पंचायत मलारा(बरघाट) ने गोल्ड मेडल जीतकर महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। जहां वे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके पूर्व दिशा जायसवाल ने राष्ट्रीय वूशु स्पर्धा मणिपुर के लिए भी चयनित हुई है । वर्ष 2025 में दिशा जायसवाल दो बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। दिशा जायसवाल को उमंग फाउंडेशन की ओर से बहुत-बहुत बधाई प्रेषित कर दिशा के कोच के प्रति आभार व्यक्त किया। दिशा की सफलता पर शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त किया है।

# किसानों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिले पूर्व विधायक राकेश पाल

**सिवनी नवभारत।** जिले के किसानों के द्वारा बीते लगभग 8 वर्षों से खरीफ की फसल में सर्वाधिक मक्के की फसल लगाई जाती आ रही है।जिससे वर्ष 2017 में मक्के की फसल पर किसानों को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा भावांतर की राशि प्रदान की गई थी। सिवनी जिले में लगातार किसान भाइयों के द्वारा मक्के की फसल की बोनी बहुतयात मात्रा में की जा रही है। पिछले वर्षों में किसान की मक्के की फसल का दाम अच्छी कीमत में व्यापारियों द्वारा खरीदी की गई थीं। परंतु इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही



है।एक ओर किसान भाइयों का मक्के का उत्पादन कम हुआ है,और दूसरी और व्यापारियों के द्वारा बहुत कम दामों में मक्के की फ़सल की खरीदी की जा रही है।जिससे किसान भाइयों को लागत की राशि भी निकालना मुश्किल हैं। पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने किसान हितैषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध किया हैं, भावांतर भुगतान योजना का लाभ किसान भाइयों को प्रदान किया जाएं।वर्तमान स्थिति में मक्का उत्पादक किसान आर्थिक कठिनाई का सामना कर रहा है। और शासन से उचित सहायता की अपेक्षा कर रहा है। किसानो को भावांतर भुगतान राशि प्रदान करने की मांग किया। जिससे किसान भाइयों को नुकसान से आर्थिक भरपाई हो सके, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कृषक हितैषी सोच एवं संवेदनशील नेतृत्व से किसानों को संबल एवं आर्थिक सहायता प्राप्त होगी।

# प्रारम्भ हुई संघ की तीन दिवसीय कार्यकारी मण्डल की बैठक

**सवनी नवभारत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक आज 30 अक्टूबर को जबलपुर के कचनार सिटी में प्रारम्भ हो गई। बैठक का शुभारंभ संघ के पूज्यनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी और सरकार्यवाह मान. दत्तात्रेय होसबाले जी ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया।

इस बैठक में संघ के सभी 6 सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल , मुकुंदा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार व अतुल लिमये सहित, अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य, सभी 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं निमंत्रित कार्यकर्ताओं सहित कुल 407 कार्यकर्ता अपेक्षित हैं। बैठक के प्रारम्भ में पिछले दिनों में समाज जीवन की दिवंगत हस्तियों जिसमें राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व प्रमुख संचालिका प्रमिला ताई मेढ़े, वरिष्ठ प्रचारक मधुभाई कुलकर्णी, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, दिल्ली के वरिष्ठ राजनेता विजय मल्होत्रा, वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री कस्तूरीरंगन, पूर्व राज्यपाल एल. गणेशन, गीतकार पीयूष पाण्डेय, फ़िल्म





अभिनेता सतीश शाह, पंकज धीर, हास्य अभिनेता असरानी, असम के प्रसिद्ध संगीतज्ञ जुबिन गर्ग सहित, पहलगाम में मारे गए हिन्दू पर्यटकों, एयर इंडिया हादसे, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब सहित देश के अन्य भागों में प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

देश के विभिन्न भागों में आई प्राकृतिक आपदाओं में समाज के सहयोग से स्वयंसेवकों द्वारा किये गए सेवा कार्यों की भी जानकारी दी गई। बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान, बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती और वंदेमातरम रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वक्तव्य जारी किए जाएंगे तथा कार्यक्रमों की चर्चा भी होगी। बैठक में शताब्दी वर्ष में होने वाले गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, सद्भाव बैठक, प्रमुख जन संगोष्ठी की तैयारी पर भी चर्चा होगी। साथ ही विजयादशमी उत्सवों की समीक्षा होगी तथा वर्तमान परिस्थिति पर भी चर्चा होगी।

**आयोजन** | राष्ट्रीय एकता दिवस पर कुर्मी समाज बंधुओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल को जयंती पर नमन किया

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई


**सिवनी नवभारत। भारत देश के भारत रत्न लौह पुरुष के रूप में विश्व विख्यात भारतीय गणराज्य के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती 31 अक्टूबर को कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में मंगल भवन छिंदवाड़ा रोड सिवनी में आज कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद सनोडिया एवं जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सनोडिया द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया इस अवसर पर समाज के हितों में विभिन्न प्रकार के निर्णय लेते हुए सामाजिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई**

सरदार वल्लभभाई पटेल को कुर्मी क्षत्रिय समाज के सभी पदाधिकारी के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पित की गई

समाज के प्रवक्ता शिव सनोदिया द्वारा उद्बोधन हुआ जिसमें ज्ञानचंद सनोडिया अध्यक्ष नगर पालिका सिवनी द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जीवनी पर प्रकाश डाला गया और मोहन सिंह चंदेल आज कुर्मी कुल भूषण, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश एकता अखंडता को बनाए रखने सबसे एहम भूमिका निभाई थी

प्रो एम सी सनोदिया ने आगे कहा भारत में छोटी-छोटी रियासतों के राजा थे उनको अपनी बात मनाने में आन बान शान के अपनी स्वतंत्रता सत्ता बनाये रखना चाहता थे घनश्याम सनोदिया जी ने कहा कि भारत के अखंडता कैसी बनी रहती है।

आपने कहा कि खंड-खंड में बाटा भारत कैसे बलशाली और सुधार हो सकता था इस जटिल और कठिन कार्य को पूर्ण रूप से करने की जिम्मेदारी तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल को सरकार ने




जिम्मेदारी सौंप थी कपिल सनोदिया पूर्व युवा जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि भारत वर्ष की एकता और अखंडता ही जिसके जीवन में खास उद्देश्य हो उसके और कभी कठोर व्यवहार अपनाते हुए अपना उद्देश्य में सफल हुए उन्होंने भारत की छोटी-छोटी रियासतों के राजाओं को एक छत्र के नीचे मिलकर अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की एक इतिहास ही रज दिया सरदार वल्लभभाई पटेल ने दृढ़ संकल्प और शक्ति के धनी व्यक्ति ही ऐसी अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करते हैं सरदार पटेल ने इस महान योगदान के लिए भारत भूमि का बच्चा-बच्चा उनका गुणगान करता है संकल्पों के धनी दृढ़ इच्छाशक्ति के लोगों की बल पर ही राष्ट्र विकास करता है युगों युगों तक लोगों के मन पर ऐसे लोह पुरुष राज करते हैं पक्के इरादे के धनी हजारों मुश्किलों को पार कर अपने कर्म क्षेत्र में उनका जीवन ही रणभूमि बना रहता है।

कार्यक्रम में कुर्मी समाज के प्रांत एवं जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें जिला सचिव जितेंद्र सिंह जिला प्रवक्ता शिव सनोदिया युवा अध्यक्ष गोपाल सनोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह सनोदिया जिला कोषाध्यक्ष भारत बाबू सनोदिया ,महिला जिला अध्यक्ष श्रीमति आशा चंदेल दिनेश भाई, ददुआ पटेल, रेवाराम ,भानु भाई ,राघवेंद्र सनोदिया अनिल सनोदिया सरपंच, नितिन पटेल ,हिम्मत , रूप कुमार , वेद प्रकाश , मिथुन , दिनेश , सतीश सनोदिया विवेक ,वीरेन सनोदिया हीरालाल सनोदिया , महेश सनोदिया ,नेतराम सनोदिया, धर्मेन्द्र सिंह चंदेल ,लेखराम ,घनश्याम, अरुण सनोदिया , शुभम सनोदिया, राकेश सनोदिया राधेश्याम सनोदिया ,राम सिंह सनोदिया, चेतराम, मनीराम ,रमन ,हुकुमचंद ,श्याम, एवं अन्य लोग की उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी पटेल जयंती

सिवनी। शासकीय महाविद्यालय कुरई में राष्ट्रीय सेवा योजना व स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले सरदार वल्लभ भाई पटेल की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य बीएस बघेल ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

**कार्यालय जनपद पंचायत केवलारी, जिला-सिवनी**

क्रमांक /1639/ मेला / ज.पं. / 2025 केवलारी, दिनांक :- 31/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्ष अनुसार जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत कार्तिक पूर्णिमा से लगने वाले सरेखाकला हिर्री संगम मेला वर्ष 2025-26 दिनांक 08 नवम्बर 2025 से 17 नवम्बर 2025 तक (10 दिवस) हेतु मेला नीलामी (बैठकी बसूली तथा साईकिल स्टैण्ड) दिनांक 30/10/2025 दिन- गुरूवार एवं दिनांक 31/10/2025 दिन शुक्रवार को जनपद सभाकक्ष केवलारी में की गई किन्तु आपशेड प्राईज के अनुसार ठेकेदारो के द्वारा आपशेड प्राईज से कम बोली लगाये जाने के कारण दिनांक 03/11/2025 दिन-सोमवार को समय - 2.00 दोपहर में पुन: नीलागी की कार्यवाही की जावेगी। नियम शर्ते पूर्वत रहेंगी।

उक्त विज्ञप्ति समाचार पत्रों में आज ही प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत केवलारी**